भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2662
11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों में बुनियादी ढांचे और कामकाज से जुड़ी चुनौतियां

2662 श्री पवन खेड़ा:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिल्ली के प्रमुख केंद्रीय सरकारी अस्पतालों - जैसे एम्स, सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - के कामकाज में आ रही चुनौतियों पर ध्यान दिया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) आईसीयू बिस्तरों, ऑपरेशन थिएटरों, नैदानिक उपकरणों (सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी- सीटी, अल्ट्रासाउंड और अन्य प्रमुख उपकरण) की संस्वीकृत और उपलब्ध क्षमता कितनी है, तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान अस्पताल-वार खराब पड़े उपकरणों की संख्या और उनके काम न करने की औसत अवधि क्या है; और
(ग) इन अस्पतालों में चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सों, तकनीशियनों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की संस्वीकृत, कार्यरत और खाली पदों की अस्पताल-वार संख्या क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): दिल्ली में केंद्र सरकार के अधीन प्रमुख अस्पतालों, नामतः सफदरजंग अस्पताल (एसजेएच), डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (डॉ. आरएमएलएच), लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल (एलएचएमसी) तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में रोगियों की भारी संख्या में आवाजाही के बावजूद, रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। इन अस्पतालों के कामकाज की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है तथा रोगियों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सुनिश्चित करने के लिए अवसंरचना सुदृढ़ीकरण करने, कार्यबल में वृद्धि करने, चिकित्सा उपकरणों एवं नैदानिक सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करने, रोगियों की परिचर्या संबंधी सुविधाओं का विस्तार करने तथा समग्र सेवा प्रदायगी को बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर विभिन्न उपाय किए जाते हैं।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान एम्स, नई दिल्ली, एसजेएच, डॉ. आरएमएलएच और एलएचएमसी में आईसीयू बिस्तरों की उपलब्ध क्षमता, ऑपरेशन थिएटर, नैदानिक उपकरण (सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी-सीटी, अल्ट्रासाउंड तथा अन्य प्रमुख उपकरण), साथ ही गैर-कार्यशील उपकरणों की संख्या और औसत डाउनटाइम का विवरण **अनुलग्नक-I** पर संलग्न है।

(ग): उपर्युक्त अस्पतालों में डॉक्टरों, जिनमें विशेषज्ञ डॉक्टर भी शामिल हैं, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों तथा अन्य स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों की स्वीकृत संख्या, कार्यरत संख्या (भरे हुए पद) तथा रिक्त पदों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर संलग्न है।

******

अनुलग्नक-I

पिछले तीन वर्षों के दौरान आईसीयू बिस्तरों, ऑपरेशन थिएटरों, नैदानिक उपकरणों (सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी-सीटी, अल्ट्रासाउंड तथा अन्य प्रमुख उपकरणों) की उपलब्ध क्षमता, और गैर-कार्यशील उपकरणों की संख्या, तथा औसत डाउनटाइम का विवरण

अस्पताल का नाम	**घटक**	**उपलब्ध**	**गैर-कार्यशील**	**गैर-कार्यशीलता के कारण**	**पिछले तीन वर्षों के दौरान औसत डाउनटाइम**
एसजेएच	आईसीयू बिस्तर	305	शून्य	लागू नहीं#	लागू नहीं#
	ऑपरेशन थिएटर	57	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	सीटी मशीन	4	शून्य	लागू नहीं	वर्ष 2024-25 में 06 दिन
	एमआरआई मशीन	2	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	पीईटी-सीटी मशीन	01	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	अल्ट्रासाउंड मशीन	17	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	वेंटिलेटर	37	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
डॉ. आरएमएलएच	आईसीयू बिस्तर	139	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	ऑपरेशन थिएटर	21	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	सीटी मशीन	4	1*	नई खरीदी गई है। स्थापना की जा रही है।	प्रति वर्ष 1% से कम
	एमआरआई मशीन	3	2*	नई खरीदी गई है। स्थापना की जा रही है।	प्रति वर्ष 1% से कम
	पीईटी-सीटी मशीन	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
	अल्ट्रासाउंड मशीन	12	3*	नई खरीदी गई।	प्रति वर्ष 1% से कम
	वेंटिलेटर	41	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं

एलएचएमसी	आईसीयू बिस्तर	76	6*	वार्डों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किए जाने के कारण	शून्य
	ऑपरेशन थिएटर	14	1*	वार्डों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किए जाने के कारण	शून्य
	सीटी मशीन	2	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	एमआरआई मशीन	2	शून्य	लागू नहीं	प्रति वर्ष 5 दिनों से कम
	पीईटी-सीटी मशीन	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
	अल्ट्रासाउंड मशीन	5	शून्य	लागू नहीं	प्रति वर्ष 5 दिनों से कम
	अन्य प्रमुख उपकरण	76	6*	वार्डों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किए जाने के कारण	प्रति वर्ष 5 दिनों से कम
एम्स, नई दिल्ली	आईसीयू बिस्तर	424	36*	कुछ वार्डों में नवीनीकरण का कार्य चल रहा है	प्रत्येक नवीनीकरण में 4-6 माह का समय लगता है।
	ऑपरेशन थिएटर	115	11	वर्तमान में एनेस्थीसिया संकाय सदस्य के 15 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 10 कार्यरत हैं	लागू नहीं*
	सीटी मशीन	13	03*	प्रतिस्थापन के	प्रति वर्ष 5% से

				अधीन	कम
	एमआरआई मशीन	09	शून्य	लागू नहीं	लागू नहीं
	पीईटी-सीटी + एसपीईसीटी मशीन	4	1*	प्रतिस्थापन के अधीन	शून्य
	अल्ट्रासाउंड मशीन	39	02*	प्रतिस्थापन के अधीन	शून्य
	अन्य प्रमुख उपकरण	62	5*	प्रतिस्थापन के अधीन	प्रति वर्ष 5% से कम

एन.ए. = लागू नहीं।

अनुलग्नक-II

डॉक्टरों, जिनमें विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों तथा अन्य स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों की स्वीकृत संख्या, कार्यरत संख्या (भरे हुए पद) तथा रिक्तियों का विवरण

अस्पताल का नाम	श्रेणी	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त
एसजेएच	डॉक्टर (विशेषज्ञों सहित)	638	449	189
	कनिष्ठ / वरिष्ठ रेजिडेंट	1339	957	382
	नर्सिंग स्टाफ	2083	1912	171
	तकनीशियन	231	173	58
	अन्य स्वास्थ्य परिचर्या स्टाफ	2289	1491	798
डॉ. आरएमएलएच	डॉक्टर (विशेषज्ञों सहित)	453	371	82
	कनिष्ठ / वरिष्ठ रेजिडेंट	731	521	210
	नर्सिंग स्टाफ	1559	1555	4
	तकनीशियन	301	243	58
	अन्य स्वास्थ्य परिचर्या स्टाफ	533	441	92
एलएचएमसी	डॉक्टर (विशेषज्ञों सहित)	383	332	51
	कनिष्ठ / वरिष्ठ	474	389	85

	रेजिडेंट			
	नर्सिंग स्टाफ	1181	1042	139
	तकनीशियन	367	245	122
	अन्य स्वास्थ्य परिचर्या स्टाफ	513	327	186
एम्स, नई दिल्ली	डॉक्टर (विशेषज्ञों सहित)	1313	896	417
	कनिष्ठ / वरिष्ठ रेजिडेंट	3538	2702	736
	नर्सिंग स्टाफ	6841	6415	426
	तकनीशियन	2906	2204	702
	अन्य स्वास्थ्य परिचर्या स्टाफ	4166	2813	1353

*****